प्रतिदिन 33 वां वर्ष अखबार प्रभात

भाजपा को एमआईएम की जरुरत नहीं

कहा - हमारी और उनकी विचारधारा मिलना संभव नहीं, ना ही भाजपा के किसी भी नेता ने उनसे मांगा था समर्थन

महापौर-उपमहापौर के पदग्रहण समारोह के दौरान बोले जिले के पालकमंत्री

प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार

अमरावती, 9 फरवरी - राज्य के राजस्व मंत्री एवं जिले के पालकमंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस द्वारा अमल में लाई गई विकास योजनाओं को राज्य की जनता ने बड़े पैमाने पर समर्थन दिया है. भाजपा ने जनता के सामने राज्य और केंद्र सरकार की योजनाएं सामने रखा था और जनता ने इन योजनाओं को अपना मूलभूत आधार मानते हुए विकास के पक्ष में मतदान किया है. जिसका साफ असर नगर परिषद चुनाव, मनपा चुनाव के सामने आए नतीजों के जरिए सिध्द हो चुका है. पालकमंत्री ने कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस को आत्मचिंतन करने की जरुरत है. उन्हें अपनी हार का दोष ईवीएम मशीन पर नहीं डालना चाहिए और न ही ऐसे नारे लगाने चाहिए कि वोट चोरी की गई है. ऐसा करने से कांग्रेस और भी ज्यादा पीछे चली जाएगी. पालकमंत्री चंद्रशेखर बावनकुले सोमवार, 9 फरवरी को रात 9 बजे के दौरान महापौर श्रीचंद तेजवानी तथा उपमहापौर सचिन भेंडे के पदग्रहण समारोह के लिए मनपा में पहुंचे थे. जहां पत्रकारों से बातचीत करते समय उन्होंने यह यह भी कहा कि कांग्रेस को अब भी इस हार से सीख लेना जरुरी है कि आनेवाले समय में जनता के लिए अच्छी योजनाएं बनाई जाएं. नकारात्मक प्रचार कर वोट नहीं मिलते हैं. राज्य की जनता ने लगातार तीनों चुनाव में यह साबित कर दिया है कि राज्य में सिर्फ विकास के मुद्दे पर ही वोट जनता की ओर से दिए जा रहे हैं.

महापौर-उपमहापौर के पदग्रहण से आनंदित हुए विधायक राणा

विधायक रवि राणा ने अपने मनोगत में कहा कि अमरावती महानगरपालिका के नवनिर्वाचित महापौर श्रीचंद तेजवाणी और उपमहापौर सचिन भेंडे के पदग्रहण समारोह में उपस्थित होना मेरे लिए अत्यंत आनंददायक रहा. इस अवसर पर उन्होंने दोनों जनप्रतिनिधियों को हृदय से बधाई दी और उनके सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं व्यक्त कीं. इस दौरान उन्होंने कहा कि शहर के नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं समय पर और गुणवत्तापूर्ण रूप में मिलें, यह प्रत्येक जनप्रतिनिधि की जिम्मेदारी है, नए नेतृत्व से नागरिकों की अपेक्षाएं काफी अधिक हैं और उन अपेक्षाओं को पूरा करने की क्षमता महापौर और उपमहापौर में है, इस बारे में मुझे कोई भी संदेह नहीं है.

शहर को सुंदर व स्वच्छ बनाने विशेष अभियान चलाएंगे- महापौर तेजवानी

महापौर श्रीचंद तेजवाणी ने पदभार ग्रहण करने के बाद उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कहा कि मान्यवरों और नागरिकों द्वारा व्यक्त की गई अपेक्षाओं को पूरा करने का ईमानदार प्रयास किया जाएगा. वर्तमान बदलती परिस्थितियों में स्थानीय स्वराज्य संस्थाओं को प्राप्त विशेष अधिकारों का उचित और प्रभावी उपयोग किया जाएगा. आने वाले समय में अमरावती शहर को स्वच्छ, सुंदर और स्वास्थ्यवर्धक बनाने के लिए विशेष अभियान चलाए जाएंगे. इस अवसर पर उन्होंने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एक सामान्य कार्यकर्ता को महापौर बनने का अवसर दिया गया.

अंतिम पंक्ति के नागरिकों तक योजनाएं पहुंचाएंगे-उपमहापौर भेंडे

उपमहापौर सचिन भेंडे ने अपने मनोगत में नगरसेवकों और नगरसेविकाओं का हृदय से आभार व्यक्त किया. अपने कार्यकाल में सभी के सहयोग की अपेक्षा व्यक्त करते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि महानगरपालिका को सक्षम बनाने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे. साथ ही उन्होंने कहा कि महानगरपालिका की विभिन्न योजनाओं को अंतिम पंक्ति के नागरिकों तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया जाएगा.

एमआईएम पार्षद ने किसके कहने पर वोट किया यह समझ से परे

महापौर व उपमहापौर चुनाव के दौरान एमआईएम की पार्षद मीरा कांबले द्वारा दिए गए वोट के संदर्भ में पूछे गए सवाल पर पालकमंत्री ने कहा कि एमआईएम की उस महिला पार्षद ने किसके कहने पर और कैसे वोट किया यह समझ से परे है. भाजपा को एमआईएम की कल भी आवश्यकता नहीं थी और ना ही भविष्य में होगी और ना ही भाजपा के किसी भी नेता ने उन्हें मतदान करने के लिए या फिर समर्थन देने के लिए आवाहन किया था. इसके बावजूद उनके द्वारा दिया गया समर्थन वह ही जानें.

वाईएसपी का फैसला विधायक राणा ही लेंगे

वहीं विधायक रवि राणा द्वारा महापौर व उपमहापौर के चुनाव के दौरान एमआईएम की महिला पार्षद मीरा कांबले द्वारा *शेष पृष्ठ 10 पर*

गुटबाजी खत्म करें

इस दौरान पालकमंत्री ने शहर के स्थानीय नेताओं से अपील करते हुए कहा कि वे आपसी गुटबाजी को खत्म करें और एकजुट होकर अमरावती शहर के विकास के लिए काम करें. उन्होंने कहा कि गुटबाजी के पार्टी को नुकासन होने के साथ-साथ विकासकार्यों पर भी असर पड़ता है.

भ्रष्टाचार का दाग ना लगने दें

पालकमंत्री ने महापौर श्रीचंद तेजवानी के पद्रहण के अवसर पर समस्त नवनिर्वाचित नगरसेवकों से कहा कि विकासकार्य करते वक्त सभी को भ्रष्चाटार से दूर रहना होगा. उन्होंने कहा कि अपने कार्यकाल में पार्टी पर भ्रष्टाचार का दाग नहीं लगने दें. विकासकार्यों के वक्त भ्रष्टाचार मुक्त होकर कार्य करें.

जनता दरबार आयोजित करने की अपील

इस दौरान विधायक रवि राणा ने कहा कि आगामी 4-5 महीनों के लिए प्रत्येक प्रभाग की समस्याओं को समझने के लिए जनता दरबार का आयोजन किया जाए. इसके जरिए नए पार्षद अपने परिसर की समस्याओं को जान सकेंगे और उनका निराकरण करने के लिए बेहतर तरीके से कार्य कर सकेंगे. एक बार समस्याओं से अवगत हो गए तो फिर जनता दरबार की जरूरत ही नहीं पड़ेगी.

बोलेरो वाहन में ठूंसकर ले जा रहे 3 गायें बरामद

अमरावती- बडनेरा पुलिस ने पशुओं के प्रति क्रूरता और अवैध रूप से गायों की तस्करी करने के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए बोलेरो वाहन से 3 गायों को मुक्त कराया है. यह कार्रवाई बस स्टैंड अंजनगांव बारीता क्षेत्र में की गई. पुलिस ने महिंद्रा बोलेरो वाहन को रोका, जिसमें 3 गायों को बेहद क्रूरता से ठूंस-ठूंसकर भरा गया था. बताया गया है कि आरोपी गायों को कत्ल के उद्देश्य से ले जा रहे थे. पुलिस ने कार्रवाई के दौरान वाहन,3 गायें कुल 3 लाख 45 हजार रुपये का माल जब्त किया है. इस कार्रवाई में पुलिस आरोपी रेहान पटेल फारूक पटेल, सागर बंसी पवार को गिरफ्तार किया है बडनेरा पुलिस ने दोनों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है. फिलहाल मामले की जांच जारी है और पुलिस द्वारा आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है.

नए मकान से 70 हजार की वायरिंग चोरी

अमरावती- राजापेठ थाना क्षेत्र अंतर्गत बापू कॉलोनी परिसर में अज्ञात चोरों द्वारा नए मकान से बिजली वायरिंग सामग्री चोरी करने की घटना सामने आई है. जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता अनिल किशनचंद डामला रविवार को अपने बापू कॉलोनी स्थित नए घर में काम देखने पहुंचे थे. इसी दौरान उन्हें घर में लगी लाइट फिटिंग की वायर कटी हुई दिखाई दी. जब उन्होंने घर की जांच की तो पता चला कि सभी पॉइंट्स की वायरिंग काटी गई थी. इसके साथ ही वहां रखे आरआर कंपनी के वायर के करीब 20 बंडल भी गायब पाए गए. चोरों ने घर से वायर और अन्य सामग्री चोरी कर ली, जिससे शिकायतकर्ता को करीब 70 हजार रुपये का नुकसान हुआ है. इस मामले में राजापेठ पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

रेणुका लॉन्स में 3.45 लाख के जेवरात गायब

अमरावती- राजापेठ थाना क्षेत्र अंतर्गत रेणुका लॉन्स परिसर में विवाह समारोह के दौरान अज्ञात चोर द्वारा महिला और उसकी बेटी की पर्स चोरी करने की घटना सामने आई है. जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता शिरीष प्रभाकरराव आवदे (नागपुर) रविवार को परिवार के साथ परिचित के विवाह समारोह में शामिल होने के लिए अमरावती आए थे. रात करीब 9 बजे रेणुका लॉन्स में मौजूद थे. इसी दौरान उनकी पत्नी और बेटी की पर्स से अज्ञात चोर ने 20 ग्राम सोने का लॉकेट, 20 ग्राम सोने की चेन वहीं बेटी की पर्स से नकद 25 हजार रुपए और महत्वपूर्ण दस्तावेज कुल मिलाकर करीब 3 लाख 45 हजार रुपए का माल चोरी कर फरार हो गया. इसके बाद मामला पुलिस थाने में पहुंचा. शिकायतकर्ता के आधार पर राजापेठ पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है.

अमरावती में डीलिंग करने की थी कोशिश...

एजेंसियों के जाल में फंस गए आरोपी | अहमदाबाद से थी 5 किलो की डिमांड

एमपी से लाई गई थी वह खेप

7.50 करोड़ के एमडी ड्रग्स का मामला

प्रतिनिधि/ प्रतिदिन अखबार

अमरावती. अमरावती में एमडी ड्रग्स की बड़ी तस्करी का सनसनीखेज मामला 1 फरवरी की दोपहर को सामने आया है था. जिसमें चार आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए 7.50 करोड़ रुपए की ड्रग्स बरामद की गई थी. जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश से लाई गई इस एमडी ड्रग की डील अमरावती में होनी थी, जबकि अहमदाबाद से 5 किलो एमडी ड्रग्स की भारी डिमांड आई थी. बताया जा रहा है कि इस पूरे मामले में डीआरआई ने मुंबई से पूरी रणनीति बनाकर जाल बिछाया था.

सूत्रों के अनुसार कार्रवाई से करीब एक सप्ताह पहले आवेज अहमद (गिरफ्तार आरोपी) को मुंबई से उसके ही एक परिचित बड़े ड्रग्स डीलर के नाम से फोन आया था, जिसमें ड्रग्स की डिमांड रखी गई. कॉल करने वाले ने कहा कि अहमदाबाद में एमडी ड्रग्स की भारी शॉर्टेज है और किसी भी हाल में माल चाहिए. इसके बाद आवेज अहमद के कहने पर गोलू उर्फ फैजल खान ने मध्यप्रदेश में रहने वाले अपने भाई से संपर्क किया. बताया जा रहा है कि कार्रवाई से तीन दिन पहले आरोपी खुद मध्यप्रदेश गए और गोलू के भाई से एमडी ड्रग्स *शेष पृष्ठ 10 पर*

गोलु उर्फ फैजल खान

आवेज अहमद कुरैशी

स्थानीय पुलिस का दूर-दूर तक वास्ता नहीं

इस मामले में यह भी स्पष्ट है कि शहर पुलिस का इस कार्रवाई से दूर-दूर तक कोई वास्ता नहीं है. इसके बावजूद बेफिक्र होकर शहर पुलिस को टारगेट करने की कोशिश की जा रही थी. सूत्रों के अनुसार मध्यप्रदेश से लाई गई एमडी ड्रग्स को अहमदाबाद ले जाने की तैयारी थी, लेकिन अमरावती में डीलिंग करने की कोशिश के चलते आरोपी एजेंसियों के जाल में फंस गए.

मध्यप्रदेश से जुड़े तार, भाई की तलाश तेज

अब इस पूरे मामले के तार मध्यप्रदेश से जुड़ते नजर आ रहे हैं. डीआरआई अब गोलू के मध्यप्रदेश में रहने वाले भाई की तलाश में लगातार दबिश दे रही है. जिसे लेकर इस नेटवर्क में और भी कई लोगों के नाम सामने आने से संबंधित लोगों की तलाश जारी है. इस मामले में अधिकांश आरोपियों के मध्य प्रदेश से रहने की जुड़ी जानकारी है.

आज से जिले में 12 वीं की परीक्षा

43 संवेदनशील केंद्रों पर कड़ी नजर

सभी केंद्रों पर पुलिस का बंदोबस्त, संवेदनशील केंद्रों पर अतिरिक्त बंदोबस्त

प्रतिनिधि/ प्रतिदिन अखबार

अमरावती, 9 फरवरी - महाराष्ट्र राज्य माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित 12वीं की परीक्षा मंगलवार, 10 फरवरी से शुरू हो रही है. जिले में 35,934 विद्यार्थी 137 केंद्रों पर परीक्षा देंगे. इनमें से 43 संवेदनशील केंद्रों पर मंडल की विशेष निगरानी रहेगी. इसके अलावा लगभग 85 प्रतिशत केंद्रों पर सीसीटीवी लगाए गए हैं.

10वीं और 12वीं की परीक्षाओं के मद्देनजर जिले में परीक्षा प्रक्रिया पारदर्शी, भयमुक्त और सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने कड़े उपाय लागू करने के आदेश दिए हैं. 12वीं की परीक्षा मंगलवार, 10 फरवरी से शुरू होकर 18 मार्च तक चलेगी.

137 केंद्रों पर 35,934 परीक्षार्थी

उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, बीडीओ की निगरानी

प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर उपजिलाधिकारी, तहसीलदार या खंड विकास अधिकारी का दौरा निर्धारित किया जाएगा. साथ ही स्थायी उड़नदस्तों का गठन किया गया है, जिनमें कम से कम एक महिला सदस्य अनिवार्य होगी.

परीक्षा केंद्र व विद्यार्थी

कुल परीक्षा केंद्र	: 137
नियमित परीक्षार्थी	: 34,720
पुनःपरीक्षार्थी	: 1,134
कुल परीक्षार्थी	: 35,934
संवेदनशील केंद्र	: 43

चिन्हित 43 संवेदनशील परीक्षा केंद्रों पर अतिरिक्त पुलिस बंदोबस्त तैनात किया गया है तथा परीक्षा केंद्रों के 500 मीटर दायरे में स्थित जेरॉक्स दुकानों को बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं. परीक्षा अवधि में किसी भी केंद्र पर विद्युत आपूर्ति बाधित न हो, इसकी भी व्यवस्था की गई है. परीक्षार्थियों को समय पर परीक्षा केंद्र पहुंचने में सुविधा हो, इसके लिए *शेष पृष्ठ 10 पर*

214 रिक्त पदों के लिए कल से ग्रामीण सिपाही भर्ती शुरू

कुल 21,206 आवेदन प्राप्त, ग्रामीण पुलिस विभाग द्वारा तैयारी पूर्ण

प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार

अमरावती, 9 फरवरी - महाराष्ट्र राज्य पुलिस सिपाही भर्ती 2025-26 अंतर्गत अमरावती ग्रामीण पुलिस दल की ओर से पुलिस सिपाही संवर्ग के कुल 214 रिक्त पदों पर 11 से 26 फरवरी तक भर्ती प्रक्रिया आयोजित की जा रही है. जिसके लिए राज्य के विविध क्षेत्र से हजारों की संख्या में आवेदन करने वाले युवा उपस्थित रहेंगे. ऐसे में ग्रामीण पुलिस द्वारा भर्ती हेतु सारी उपाए योजनाएं तथा तैयारियां पूर्ण रूप से की जा चुकी है. विशेष तौर से ग्रामीण पुलिस द्वारा एक वीडियो भी अपलोड करते हुए काफी बारीकी से संपूर्ण जानकारी दी गई है ताकि सिपाही भर्ती के लिए किसी भी आवेदनकर्ता को परेशानी का सामना न करना पड़े. दस्तावेज सत्यापन एवं शारीरिक परीक्षा पुरुष उम्मीदवारों की प्रक्रिया 11 से 23 फरवरी तक होगी. इसके अलावा महिला उम्मीदवारों की प्रक्रिया 24 से 26 फरवरी के बीच होगी.

प्रतिबंधित वस्तुएं

भर्ती स्थल पर किसी भी प्रकार की कीमती वस्तु एवं इलेक्ट्रॉनिक सामान ले जाना प्रतिबंधित है. जैसे मोबाइल, कैमरा आदि. एक बार भर्ती स्थल में प्रवेश मिलने के बाद उम्मीदवार को किसी भी कारण से बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी. पुलिस भर्ती स्थल अमरावती बस स्टैंड से लगभग 1 किमी दूरी है. अमरावती रेलवे स्टेशन से लगभग 1.5 किमी दूरी पर है. स्थानीय ऑटो रिक्शा व अन्य यात्री वाहनों से आसानी से भर्ती स्थल तक पहुंचा जा सकता है.

कुल पद : 214

सामान्य (सर्वसाधारण)	69
महिला	64
खिलाड़ी (स्पोर्ट्स कोटा)	10
प्रकल्पग्रस्त	10
भूकंपग्रस्त	04
पूर्व सैनिक	31
अंशकालीन पदवीधर	10
पुलिस कर्मचारी संतान	06
गृह रक्षक (होमगार्ड)	10

कुल आवेदन प्राप्त

इस भर्ती के लिए ऑनलाइन माध्यम से कुल 21,206 आवेदन प्राप्त हुए हैं. जिसमें पुरुष उम्मीदवार की संख्या 16,286 तथा महिला उम्मीदवार की संख्या 4,920 बताई गई है.

ग्रामीण पुलिस सिपाही भर्ती का स्थान

पुलिस आयुक्त कार्यालय के पीछे, मालटेकड़ी के पास, जोग स्टेडियम पर संपूर्ण सिपाही भर्ती प्रक्रिया ली जाएगी, जिसके तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है. भर्ती प्रक्रिया के प्रारंभिक दिनों में प्रतिदिन लगभग 800 उम्मीदवारों को बुलाया जाएगा, जबकि अंतिम दिनों में यह संख्या 2000 उम्मीदवारों तक रहेगी. सरकारी अवकाश होने के कारण 15 फरवरी, 19 फरवरी और 22 फरवरी को भर्ती प्रक्रिया बंद रहेगी. *शेष पृष्ठ 10 पर*

मुफ्त रहने की व्यवस्था

कई बार पुलिस भारती के दौरान ऐसा देखा गया है कि उम्मीदवार अक्सर सड़क किनारे फुटपाथ तथा जहां जगह मिले वहां पर आराम करते हैं. यह एक भयावह तस्वीर दिखाई देती है. लेकिन अमरावती ग्रामीण पुलिस द्वारा बाहर से आने वाले उम्मीदवारों के लिए वसंत हॉल में निःशुल्क आवास व्यवस्था की गई है.

उम्मीदवारों के लिए महत्वपूर्ण निर्देश

उम्मीदवारों को अपने निर्धारित दिनांक पर सुबह 5 बजे भर्ती स्थल पर उपस्थित रहना अनिवार्य है. साथ में सभी महत्वपूर्ण दस्तावेज लाना जरूरी है. जैसे की सभी शैक्षणिक दस्तावेज, जिस वर्ग से आवेदन किया है उसका प्रमाणपत्र, भर्ती पहचान पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो, सभी मूल दस्तावेज.

महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार

अमरावती, 9 फरवरी - 8 महीना पहले शादी हुई विवाहित महिला ने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी करने का आसानी के मामला सामने आया है इस मामले में कोतवाली पुलिस ने फिलहाल आकस्मिक मौत का मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है. जानकारी के अनुसार मृतका का नाम तनीशा प्रणय साहू (25, मसानगंज) बताया गया है. पुलिस के अनुसार मृतका का विवाह 8 महीने पहले प्रणय साहू के साथ हुआ था. घटना की जानकारी मिलने के बाद जब परिजन मौके पर पहुंचे तो देखा कि तनीशा ने अपने कमरे में सीलिंग फैन से ओढ़नी के सहारे फांसी लगाई हुई थी. परिजनों और पुलिस की मदद से उसे एंबुलेंस द्वारा इर्विन अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया.

परिजनों के बयान के आधार पर पुलिस ने मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है. इस प्रकरण की जांच भी पुलिस उपनिरीक्षक शरयू उबाळे कर रही हैं.

बोर्ड परीक्षाओं के दौरान लागू रहेगी जमावबंदी

नकलमुक्त अभियान के तहत कड़े निर्देश

पुलिस ने जारी की गाइडलाइन

प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार

अमरावती. राज्य सरकार के शालेय शिक्षण व क्रीड़ा विभाग के शासन परिपत्रक के अनुसार राज्य में कॉपीमुक्त अभियान प्रभावी रूप से लागू करने के निर्देश दिए गए हैं. इसी के तहत राज्य माध्यमिक व उच्च माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा कक्षा 12 वीं की परीक्षा 10 फरवरी से 18 मार्च तक तथा कक्षा 10 वीं की परीक्षा दिनांक 20 फरवरी से 18 मार्च तक आयोजित की जाएगी. इन परीक्षाओं के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा परीक्षा केंद्रों पर किसी भी प्रकार की गड़बड़ी व नकल पर रोक लगाने के उद्देश्य से अमरावती शहर के पुलिस आयुक्त राकेश ओला ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत जमावबंदी आदेश जारी किए हैं.

आदेशानुसार लगाए गए प्रतिबंध

परीक्षा केंद्र के 100 मीटर परिसर में छात्र, परीक्षा पर्यवेक्षक, शिक्षण अधिकारी व संबंधित कर्मचारियों के अलावा किसी अन्य व्यक्ति के प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा. परीक्षा केंद्र के 100 मीटर परिसर में स्थित सभी सार्वजनिक टेलीफोन बूथ, एसटीडी, आईएसडी, फैक्स केंद्र बंद रखने के आदेश दिए गए हैं.परीक्षा केंद्र में डिजिटल डायरी, कैलकुलेटर, मोबाइल फोन, पेजर, माइक्रोफोन, ब्लूटूथ, स्मार्टवॉच, *शेष पृष्ठ 10 पर*